अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.4-1/2023-हिं.अ. दिनांक: 02.08.2023

**आदेश**

**विषय: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के अन्तर्गत अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण की ऑफलाइन कक्षाओं में संस्थान के कर्मचारियों का नामांकन।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, हिंदी शिक्षण योजना के दिनांक 19 मई, 2023 के पत्र सं.13/15/2023/उ.नि.(टं./आ.)/720 के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों/अनुभागों/केन्द्रों में कार्यरत निम्नलिखित 05 कर्मचारियों को हिंदी टंकण की ऑफलाइन कक्षाओं में अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है:-

**हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित कर्मचारीगण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राहुल कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक | स्थापना अनुभाग (नि.का.) |
| 2. | श्री ब्रह्मजीत, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | अनुसंधान अनुभाग |
| 3. | श्री सुभाष, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | डॉ.भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अ. |
| 4. | श्री अखिलेश कुमार शर्मा, कार्यालय परिचर | भर्ती प्रकोष्ठ |
| 5. | सुश्री कैलाश रानी, अस्पताल परिचर | कायचिकित्सा विभाग |

सत्र अगस्त, 2023 से प्रारंभ होने वाले हिंदी टंकण प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। यह प्रशिक्षण कार्य दिवसों में (शनिवार को छोड़कर) ही दिया जाएगा और कक्षाएं कार्यालय समय में 01 घंटे प्रतिदिन होंगी। नियमित कक्षाएं 18 अगस्त, 2023 से आरम्भ होंगी।

उपर्युक्त सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि में कक्षा में उपस्थित होना व उसकी समाप्ति पर परीक्षा में बैठना अनिवार्य है और कक्षा में गैर-हाजिरी को कर्त्तव्य की अवहेलना माना जाएगा। भारत सरकार के निदेशानुसार हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित उपर्युक्त कर्मचारियों के लिए कोई एवजी (सब्स्टिट्यूट) नहीं दिया जाएगा।

जारी-2/-

अत: सम्बद्ध कर्मचारियों को, एतद्द्वारा, निदेश दिया जाता है कि वे दिनांक 16-17 अगस्त, 2023 को प्रात: 10.00 बजे हिंदी टंकण प्रशिक्षण में प्रवेश पाने के लिए सहायक निदेशक से संपर्क करें:-

प्रशिक्षण स्थल का पता: सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि)<br>हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र<br>कमरा नं. 106, लेवल-1, पूर्वी खण्ड-II<br>आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.

संबद्ध केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से यह भी अनुरोध है कि कृपया हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित उक्त कर्मचारीगण को प्रशिक्षण कक्षाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने से मना न किया जाए।

अत: सम्बद्ध कर्मचारीगण को निदेश दिया जाता है कि वे उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन प्राप्त करने हेतु हिंदी अनुभाग से संपर्क करें ताकि हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश प्राप्त करने हेतु हिंदी अनुभाग द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**(देव नाथ साह)**<br>**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

**वितरण:** सभी सम्बद्ध कर्मचारीगण।
**द्वारा:** संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र।

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- अपर निदेशक(प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- विभागाध्यक्ष, कायचिकित्सा विभाग।
- वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी/प्रशासन अधिकारी, अनुसंधान अनुभाग/स्थापना अनुभाग (नि.का.)/भर्ती प्रकोष्ठ/डॉ. भी.रा.अ.सं.रो.कैं.अस्पताल।
- संयुक्त निदेशक (टंकण/आशुलिपि), हिंदी शिक्षण योजना, ईस्ट ब्लॉक-7, लेवल-6, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
- सम्बद्ध कर्मचारीगण की वैयक्तिक फाइल।
- प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा : इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।